**संख्या: 344 /68–5–2020**

प्रेषक,

आनन्द कुमार सिंह
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

1– शिक्षा निदेशक, (बेसिक), उ0प्र0 लखनऊ।

2– सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 इलाहाबाद।

**बेसिक शिक्षा अनुभाग–5** **लखनऊ : दिनांक : 13 मई, 2020**

**विषयः–उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापकों के 69000 पदों पर भर्ती प्रकिया के संबंध में ।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक, बेसिक के कार्यालय पत्रांक–डी0ई0(बी0)/14–15/2020–21, दिनांक 13.05.2020 एवं सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज के पत्रांकः बे0शि0प0/513–16/2020–21, दिनांक 13.05.2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2– उपर्युक्त सम्बन्ध में शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 इलाहाबाद द्वारा प्रेषित प्रस्ताव में इंगित परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापकों के 69000 पदों को सुसंगत नियमावलियों एवं तद्विषयक शासनादेशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए निम्नलिखित समय सारिणी के अनुसार भरने की अनुमति प्रदान की जाती है–

| | | |
|---|---|---|
| 1– | विज्ञप्ति का प्रकाशन | 17.05.2020 |
| 2– | ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन/आवेदन पत्र भरे जाने की प्रारम्भ होने की तिथि | 18.05.2020 के अपरान्ह से |
| 3– | ऑनलाइन आवेदन भरने की अन्तिम तिथि | 26.05.2020 (रात्रि 12 बजे तक) |
| 4– | प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच के उपरान्त ऑनलाइन प्रॉसेसिंग कर सूची डाउनलोड करना | 27.05.2020 से 31.05.2020 तक |
| 5– | जनपदों में काउन्सिलिंग का आयोजन एवं जनपदों में नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना। | 03.06.2020 से 06.06.2020 तक |

3– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपर्युक्त निर्देशों का अनुपालन करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
13.5.2020
( आनन्द कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

आज्ञा से,
( उमेश कुमार तिवारी )
उप सचिव।

Raj-G.O.-1510.doc

संख्याः 355 / 68–5–2020

प्रेषक,

आनन्द कुमार सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. शिक्षा निदेशक (बेसिक),
उ0प्र0 लखनऊ।

2. सचिव,
उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद,
इलाहाबाद।

शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊः दिनांकः 16 मई, 2020

विषयः **उ0 प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के 69,000 पदों पर नियुक्ति के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0 डी0ई0(बी0)/20–21/2020–21 दिनांक 15.05.2020 एवं सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के पत्र संख्या–बे0 शि0 प0/733–35/2020–21 दिनांक 15.05.2020 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में 69,000 सहायक अध्यापक के पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ करने हेतु अनुमति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0 प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के 69,000 पदों पर उ0प्र0 बेसिक शिक्षा (अध्यापक) सेवा नियमावली 1981 यथा संशोधित नियमावली 2017 एवं समय–समय पर संशोधित शासनादेशों में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार भर्ती की प्रक्रिया प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की जाती है। इस संबंध में सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा उपलब्ध करायी गयी आवंटित पदों की जनपदवार सूची संलग्न है।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

( आनन्द कुमार सिंह )
विशेष सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि महानिदेशक, स्कूल शिक्षा उ0 प्र0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

( उमेश कुमार तिवारी )
उप सचिव।

प्राथमिक विद्यालयों में 69000 सहायक अध्यापकों के पदों पर भर्ती हेतु जनपदवार आवंटित पदों का विवरण

| क्रम सं0 | जनपद का नाम | भर्ती हेतु आवंटित पद |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | मेरठ | 130 |
| 2 | बागपत | 100 |
| 3 | बुलन्दशहर | 840 |
| 4 | गाजियाबाद | 2 |
| 5 | हापुड़ | 150 |
| 6 | गौतमबुद्धनगर | 140 |
| 7 | आगरा | 820 |
| 8 | फिरोजाबाद | 680 |
| 9 | मैनपुरी | 940 |
| 10 | अलीगढ़ | 940 |
| 11 | कासगंज | 1010 |
| 12 | एटा | 580 |
| 13 | हाथरस | 680 |
| 14 | मथुरा | 690 |
| 15 | बरेली | 1220 |
| 16 | बदायूँ | 2100 |
| 17 | पीलीभीत | 870 |
| 18 | शाहजहाँपुर | 1450 |
| 19 | प्रयागराज | 990 |
| 20 | फतेहपुर | 520 |
| 21 | प्रतापगढ़ | 1330 |
| 22 | कौशाम्बी | 700 |
| 23 | वाराणसी | 230 |
| 24 | चन्दौली | 400 |
| 25 | गाजीपुर | 1920 |
| 26 | जौनपुर | 2270 |
| 27 | मीरजापुर | 1200 |
| 28 | सोनभद्र | 450 |
| 29 | भदोही | 650 |
| 30 | लखनऊ | 150 |
| 31 | हरदोई | 2450 |
| 32 | सीतापुर | 2500 |
| 33 | रायबरेली | 670 |
| 34 | उन्नाव | 1120 |
| 35 | लखीमपुर | 2100 |
| 36 | गोरखपुर | 1250 |
| 37 | देवरिया | 1248 |
| 38 | कुशीनगर | 2220 |

| क्रम सं0 | जनपद का नाम | भर्ती हेतु आवंटित पद |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 39 | महराजगंज | 1560 |
| 40 | बस्ती | 1340 |
| 41 | संत कबीर नगर | 780 |
| 42 | सिद्धार्थ नगर | 1050 |
| 43 | झाँसी | 530 |
| 44 | ललितपुर | 590 |
| 45 | जालौन | 390 |
| 46 | चित्रकूट | 1080 |
| 47 | बाँदा | 1070 |
| 48 | महोबा | 370 |
| 49 | हमीरपुर | 480 |
| 50 | अयोध्या | 880 |
| 51 | बाराबंकी | 1310 |
| 52 | सुल्तानपुर | 1570 |
| 53 | अमेठी | 820 |
| 54 | अम्बेडकरनगर | 660 |
| 55 | गोण्डा | 1620 |
| 56 | बलरामपुर | 440 |
| 57 | बहराइच | 1060 |
| 58 | श्रावस्ती | 280 |
| 59 | मुरादाबाद | 750 |
| 60 | सम्भल | 680 |
| 61 | रामपुर | 1250 |
| 62 | बिजनौर | 1130 |
| 63 | अमरोहा | 720 |
| 64 | कानपुरनगर | 350 |
| 65 | कानपुरदेहात | 520 |
| 66 | इटावा | 590 |
| 67 | औरैया | 550 |
| 68 | फर्रुखाबाद | 1000 |
| 69 | कन्नौज | 1500 |
| 70 | आजमगढ़ | 1550 |
| 71 | बलिया | 1600 |
| 72 | मऊ | 200 |
| 73 | सहारनपुर | 600 |
| 74 | मुजफ्फरनगर | 260 |
| 75 | शामली | 160 |
| योग | | 69000 |

संख्या: 391 / 68–5–2020

प्रेषक,

आनन्द कुमार सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन ।

सेवा में,

1. शिक्षा निदेशक(बेसिक)
उ0प्र0 लखनऊ।

2. सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद
उ0प्र0 प्रयागराज।

बेसिक शिक्षा अनुभाग–5

लखनऊ : दिनांक 26 मई, 2020

विषय: उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापकों के 69000 पदों पर भर्ती हेतु अंतिम तिथि में वृद्धि किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश सं0 344 / 68–5–2020 दिनांक 13.05.2020 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापकों के 69000 पदों पर भर्ती प्रकिया के संबंध में आदेश निर्गत करते हुये आनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 26.05.2020 (रात्रि 12.00 बजे तक) निर्धारित की गयी थी।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त आनलाइन आवेदन भरने की ***अंतिम तिथि 26.05.2020 (रात्रि 12.00 बजे तक) के स्थान पर दिनांक 28.05.2020 (रात्रि 12.00 बजे तक)*** बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया है। शासनादेश सं0 344 / 68–5–2020 दिनांक 13.05.2020 के शेष प्रावधान यथावत रहेगें।

कृपया उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

भवदीय,

26.5.2020

(आनन्द कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि महानिदेशक, स्कूल शिक्षा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(उमेश कुमार तिवारी)
उप सचिव।

Avnish-Letter-1505.doc